कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल
KUMAUN UNIVERSITY, NAINITAL (UTTARAKHAND)

पत्रांक -डी0आई0सी0/2021/608, दिनांक - 03.08.2021

सेवा में,

1. निदेशक,
   डी0 एस0 बी0 परिसर, नैनीताल/सर जे0 सी0 बोस परिसर, भीमताल।
2. प्राचार्य,
   समस्त परिसर/महाविद्यालय/संस्थान,
   सम्बद्ध कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।

महोदय/महोदया।

कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2021-22 हेतु अपने परिसरों/सम्बद्ध महाविद्यालयों की **विभिन्न कक्षाओं/पाठ्यक्रमों (स्नातक/स्नातक स्तर के व्यवसायिक पाठ्यक्रमों)** के प्रथम सेमेस्टर/वर्ष में प्रवेश सम्बन्धी प्रक्रिया शीघ्र सम्पादित की जानी आवश्यक है। सम्पूर्ण प्रवेश प्रक्रिया को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित समयावधि में सम्पादित कर सम्बन्धित कक्षाओं में पठन-पाठन का कार्य शीघ्र प्रारम्भ कराये जाने के दृष्टिगत् माननीय कुलपति जी के निर्देशों के अनुपालन में विभिन्न कक्षाओं/पाठ्यक्रमों (स्नातक/स्नातक स्तर के व्यवसायिक पाठ्यक्रमों) में **प्रवेश हेतु व्यापक छात्रहित में ऑनलाईन पंजीकरण कराये जाने की अन्तिम तिथि दिनांक 23 अगस्त, 2021 निर्धारित की गयी है।**

प्रवेश हेतु इच्छुक अभ्यार्थियो को पंजीकरण हेतु विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.kunainital.ac.in के माध्यम से रू0 50.00 ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क जमा करना आवश्यक है। **पंजीकरण शुल्क केवल एक ही बार जमा किया जाना होगा।** पंजीकरण शुल्क जमा करने के उपरान्त अभ्यर्थी ऑनलाईन पेमेन्ट गेटवे द्वारा प्रदत्त ट्रान्जेक्शन नम्बर तथा जन्मतिथि के माध्यम से लॉग-इन करके पंजीकरण आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थी को प्रत्येक परिसर/महाविद्यालय/संस्थान तथा प्रत्येक पाठ्यक्रम हेतु पृथक-पृथक पंजीकरण आवेदन पत्र भरना होगा। **अभ्यर्थी द्वारा किसी परिसर/महाविद्यालय/संस्थान हेतु मात्र पंजीकरण किया जाना इस बात की गारन्टी नहीं देता है कि अभ्यर्थी को प्रवेश अनुमन्य किया जायेगा। प्रवेश पूर्णतः योग्यता सूची (Merit List) के आधार पर सम्बन्धित परिसर/महाविद्यालय/संस्थान स्तर पर किये जायेंगे।** अतः सम्बन्धित अभ्यर्थी उपरोक्त प्रवेश हेतु निर्धारित अन्तिम तिथि 23 अगस्त, 2021 तक प्रवेश हेतु अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र आवश्यक रूप से जमा कराना सुनिश्चित करें।

जिन अभ्यर्थियों द्वारा पूर्व में शैक्षणिक सत्र 2021-22 में किसी भी परिसर/महाविद्यालय में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय के पोर्टल पर पंजीकरण किया जा चुका है तथा **जिनके द्वारा अपनी समस्त सूचनाओं (अर्हता कक्षा के अंकों का विवरण इत्यादि) को पोर्टल में अपडेट नहीं किया गया है वे भी अनिवार्य रूप से निर्धारित अन्तिम तिथि तक अपने पंजीकरण आवेदन पत्र को समस्त सूचनाओं सहित अपडेट कर सकते हैं। वांछित सूचनाओं के अभाव में अभ्यर्थी का नाम योग्यता सूची (Merit List) में सम्मिलित किया जाना सम्भव नहीं होगा। अन्तिम तिथि 23 अगस्त, 2021 के उपरान्त प्रवेश हेतु नवीन आवेदन अथवा आवेदन पत्र को अपडेट किया जाना सम्भव नहीं होगा।**

आपसे अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त सूचना को अपने स्तर से व्यापक रूप से प्रचारित एवं प्रसारित करवाने का कष्ट करें, जिससे आगामी शैक्षणिक सत्र हेतु स्नातक स्तर के प्रवेश निर्धारित समयावधि के अन्तर्गत पूर्ण किये जा सकें तथा इन कक्षाओं में पठन-पाठन का कार्य यथाशीघ्र प्रारम्भ कराया जा सके।

भवदीय,

Sanjay Pant 03/08/2021

निदेशक, डी0 आई0 सी0/
कोआर्डिनेटर, प्रवेश 2021-22

पृष्ठांकन सं0 -डी0 आई0 सी0/2021/608, तद्दिनांक

प्रतिलिपि- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -

- संकायाध्यक्ष, समस्त संकाय, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
- कुलसचिव, कुमाऊँ विश्वविद्यालय, नैनीताल।
- निजी सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के अवलोकनार्थ।

Sanjay Pant 03/08/2021

निदेशक, डी0 आई0 सी0/
कोआर्डिनेटर, प्रवेश 2021-22